प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

योगी सरकार का आम बजट-2026-27 पेज- 2

पेज-6 जूनियर छात्र ने 10 व 12 के छात्र को दी विदाई

वर्ष : 15 अंक : 55 शुक्रवार 13 फरवरी, 2026 डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025-27/106 पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया

# केंद्रीय बजट 2026-27 में एमएसएमई, स्किलिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य और शिक्षा पर जोर

## पीएम मोदी ने बताया गेमचेंजर

(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा लोकसभा में पेश किए गए केंद्रीय बजट 2026–27 की सराहना करते हुए इसे भारत के आर्थिक परिवर्तन का ब्लूप्रिंट बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट सुधारों, छोटे उद्योगों, कौशल विकास, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य और शिक्षा पर विशेष ध्यान देता है और देश को नई विकास दिशा प्रदान करेगा। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, लोकसभा में अपने भाषण में वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ने इस बात का विस्तृत विवरण दिया कि इस वर्ष का बजट हमारे राष्ट्र के आर्थिक परिवर्तन में कैसे योगदान देगा। उन्होंने रिफॉर्म एक्सप्रेस, लघु एवं मध्यम उद्यमों को समर्थन, कौशल विकास, अगली पीढ़ी के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा को बढ़ावा देने के प्रयासों और अन्य बातों पर जोर दिया। बीते 1 फरवरी को संसद में पेश किए गए इस बजट में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) पर विशेष फोकस रखा गया है, जो देश की जीडीपी में लगभग 30 प्रतिशत योगदान देता है और 11 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराता है। वित्त मंत्री ने एमएसएमई के लिए कर्ज की उपलब्धता बढ़ाने, नियमों को सरल बनाने और लक्षित प्रोत्साहन देने की घोषणा की है, ताकि छोटे उद्योग वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं से जुड़ सकें और विस्तार कर सकें। उन्होंने कहा कि एमएसएमई भारत की विकास यात्रा की रीढ़ हैं और यह बजट उन्हें नवाचार और रोजगार सृजन के लिए आवश्यक सहयोग देगा। कौशल विकास और रोजगार सृजन भी बजट की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल हैं। सरकार ने ग्रीन एनर्जी, एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग और डिजिटल तकनीक जैसे उभरते क्षेत्रों के अनुरूप युवाओं को प्रशिक्षित करने की नई पहल का प्रस्ताव रखा है। उद्योग और शैक्षणिक संस्थानों के बीच साझेदारी को भी बढ़ावा देने की योजना है, ताकि युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकें। इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र



में भी सरकार ने अगली पीढ़ी की परियोजनाओं पर जोर दिया है। डिजिटल कनेक्टिविटी, नवीकरणीय ऊर्जा कॉरिडोर, लॉजिस्टिक्स नेटवर्क और शहरी विकास में निवेश बढ़ाने का प्रस्ताव है। इसके अलावा, स्वास्थ्य और शिक्षा को भी बजट में प्राथमिकता दी गई है। इन क्षेत्रों में बजट बढ़ाने और सुधारों के जरिए दूरदराज व पिछड़े इलाकों तक बेहतर सुविधाएं पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि यह बजट ऐसे समय में आया है जब वैश्विक अनिश्चितताओं और बदलती सप्लाई चेन के बीच भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश कर रहा है। सरकार ने विकासोन्मुख खर्च के साथ–साथ वित्तीय अनुशासन पर भी जोर देने की बात दोहराई है।

## भारत लौटे बिना भगोड़ा विजय माल्या को नहीं मिलेगी राहत, बॉम्बे हाईकोर्ट ने याचिका पर सुनवाई से किया इनकार

(एजेंसी) मुंबई। बंबई हाईकोर्ट ने गुरुवार को अपने इस रुख को दोहराया कि वह भगोड़े कारोबारी विजय माल्या द्वारा दायर याचिका पर तब तक विचार नहीं करेगा, जब तक वह भारत वापस नहीं लौट आता। अदालत ने यह टिप्पणी माल्या की उस याचिका पर दी जिसमें उसने भगोड़े आर्थिक अपराधी अधिनियम (एफईओ) के प्रावधानों को चुनौती दी है। मुख्य न्यायाधीश चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम अंखड की पीठ ने कहा कि माल्या को पहले यह स्पष्ट करना होगा कि वह भारत लौटेंगे या नहीं। अदालत ने कहा, आपको (माल्या) वापस लौटना होगा...अगर आप वापस नहीं आ सकते तो हम इस याचिका पर सुनवाई नहीं कर सकते। माल्या 2016 से ब्रिटेन में रह रहा है। उसने उच्च न्यायालय में दो याचिकाएं दायर की हैं जिनमें से एक में उसने भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित करने के आदेश को चुनौती दी है जबकि दूसरी याचिका में उसने 2018 के अधिनियम की संवैधानिकता पर सवाल उठाया है। शराब कारोबारी माल्या (70) भारत में धोखाधड़ी और धनशोधन के आरोपों में कई मुकदमों का सामना कर रहा है। पीठ ने याचिका पर सुनवाई के लिए 18 फरवरी की तारीख तय करते हुए कहा कि वह माल्या को यह स्पष्ट करने का एक और अवसर दे रही है कि क्या वह भारत लौटने को तैयार है। अदालत ने कहा, हमें रिकॉर्ड पर यह दर्ज करना पड़ सकता है कि आप अदालत की प्रक्रिया से बच रहे हैं। आप कार्यवाही का लाभ नहीं उठा सकते। आपके साथ निष्पक्षता बरतते हुए, हम याचिका खारिज नहीं कर रहे हैं बल्कि आपको एक और अवसर दे रहे हैं। अदालत ने दिसंबर 2025 में पिछली सुनवाई में अपना रुख स्पष्ट कर दिया था कि वह याचिका पर तभी सुनवाई करेगी जब माल्या भारत लौटेगा। उसने माल्या के वकील से इस संबंध में स्थिति स्पष्ट करने का निर्देश दिया था। पीठ ने बृहस्पतिवार को कहा कि कारोबारी को एक हलफनामा दाखिल करना होगा जिसमें स्पष्ट रूप से बताना



होगा कि वह भारत लौटेगा या नहीं। मुख्य न्यायाधीश चंद्रशेखर ने कहा, आप कब लौटेंगे? आप (माल्या) पहले ही यह दलील दे चुके हैं कि आपको अदालत में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हुए बिना सुनवाई का अधिकार है। लेकिन पहले एक हलफनामा दाखिल करें जिसमें यह स्पष्ट रूप से लिखा हो ।श्श माल्या को जनवरी 2019 में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामलों की सुनवाई करने वाली एक विशेष अदालत द्वारा भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया गया था।

### अडानी पावर ने परमाणु ऊर्जा कारोबार के लिए अडानी एटॉमिक एनर्जी का किया गठन

(एजेंसी) नई दिल्ली। अडानी पावर ने परमाणु एवं नाभिकीय ऊर्जा से प्राप्त बिजली के उत्पादन, पारेषण एवं वितरण के लिए पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी अडानी एटॉमिक एनर्जी लिमिटेड (एएईएल) का गठन किया है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि एएईएल को 5,00,000 रुपए की अधिकृत पूंजी के साथ गठित किया गया है। इसे 10 रुपए अंकित मूल्य वाले 50,000 शेयर में विभाजित किया गया है। अडानी पावर की एएईएल में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी है। कंपनी ने कहा कि एएईएल का भारत में 11 फरवरी 2026 को गठन किया गया। उसी दिन इसे केंद्रीय पंजीकरण केंद्र, कंपनी रजिस्ट्रार से निगमण प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ। इसमें कहा गया कि अडानी एटॉमिक एनर्जी लिमिटेड कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी इकाई है और इसलिए ही यह कंपनी की संबंधित पक्ष इकाई भी है।

## खुदरा महंगाई दर जनवरी में 2.75 प्रतिशत रही, लहसुन, प्याज, आलू और दालों की कीमतें घटीं

(एजेंसी) नई दिल्ली। भारत में अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई दर जनवरी 2026 में सालाना आधार पर 2.75 प्रतिशत रही है। यह जानकारी सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से गुरुवार को दी गई। बेस ईयर में बदलाव के बाद खुदरा महंगाई दर के यह पहले आंकड़े हैं। सरकार की ओर से बेस ईयर को बदलकर 2024 कर दिया गया है, जो कि पहले 2012 था। दिसंबर में खुदरा महंगाई दर 1.33 प्रतिशत थी। हालांकि, यह पुराने बेस ईयर 2012 पर आधारित थी। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, ग्रामीण इलाकों में खुदरा महंगाई दर 2.73 प्रतिशत रही है और शहरी इलाकों में 2.77 प्रतिशत थी। वहीं, खाद्य महंगाई दर जनवरी में 2.13 प्रतिशत रही है। यह ग्रामीण इलाकों में 1.96 प्रतिशत और शहरी इलाकों में 2.44 प्रतिशत रही है। आंकड़ों में मुताबिक, जनवरी में सालाना आधार पर लहसुन की कीमत 53.05 प्रतिशत, प्याज की कीमत 29.27 प्रतिशत, आलू की कीमत 28.98 प्रतिशत, अरहर की कीमत 24.90 प्रतिशत और मटर की कीमत 15.56 प्रतिशत कम हुई है। दूसरी तरफ, जनवरी में सालाना आधार पर चांदी की ज्वेलरी 159.67 प्रतिशत, टमाटर 64.80 प्रतिशत, कोपरा 47.18 प्रतिशत, सोने,हीरे,प्लेटिनम की ज्वेलरी 46.77 प्रतिशत और नारियल तेल की कीमतें 40.44 प्रतिशत बढ़ी हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी में सालाना आधार पर कपड़ों और जूतों की कीमतें 2.98 प्रतिशत, स्वास्थ्य सेवाओं का दाम 2.19 प्रतिशत, ट्रांसपोर्ट की कीमत 0.09 प्रतिशत, पानध्तंबाकू जैसे उत्पादों की कीमतें 2.86 प्रतिशतय आवासीय, पानी, बिजली और अन्य ईंधनों की कीमतें 1.53 प्रतिशत बढ़ी हैं। देश में जिन पांच राज्यों में जनवरी में महंगाई दर सबसे अधिक रही है, उनमें तेलंगाना (4.92 प्रतिशत), केरल (3.67 प्रतिशत), तमिलनाडु (3.36 प्रतिशत), राजस्थान (3.17 प्रतिशत) और कर्नाटक (2.99 प्रतिशत) शामिल थे। सरकार ने बयान में कहा, षांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय बेस 2024=100 के साथ उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) जारी कर रहा है। आइटम बास्केट और संबंधित भार घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण 2023–24 पर आधारित हैं। मुद्रास्फीति माप के कवरेज और प्रतिनिधित्व को बढ़ाने के लिए यह अभ्यास किया गया है। संशोधन अधिक विस्तृत डेटा पेश करता है जो नीति निर्माताओं, वित्तीय संस्थानों, व्यवसायों और नागरिकों को सटीक डेटा–संचालित निर्णय लेने में सक्षम बनाता है।

## राहुल गांधी की सांसदी हो रद्द, जीवन भर चुनाव लड़ने पर भी लगे रोक, निशिकांत दुबे ने लोकसभा में पेश किया प्रस्ताव

(एजेंसी)

नई दिल्ली। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ विशिष्ट प्रस्ताव लाने के लिए एक नोटिस दिया है। उन्होंने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष की सदन की सदस्यता रद्द करने और उन्हें आजीवन चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित करने की मांग की है। संसद परिसर में एक न्यूज एजेंसी से बात करते हुए दुबे ने कहा कि उन्होंने अपने नोटिस में कहा है कि कैसे नेता प्रतिपक्ष विदेश जाते हैं और भारत विरोधी तत्वों के साथ सांठगांठ करते हैं। विशिष्ट प्रस्ताव का नोटिस स्वतंत्र होता है, जिसे सदन की मंजूरी के लिए प्रस्तुत किया जाता है, और जिसे किसी फैसले या राय को दर्शाने के लिए तैयार किया जाता है। दुबे ने कहा, कोई विशेषाधिकार हनन नोटिस नहीं दिया है। मैंने एक विशिष्ट प्रस्ताव लाने के लिए नोटिस दिया है। उन्होंने कहा, मैं उनकी तरह नियम–कानून की हत्या करने वाला नहीं हूं। मैंने एक विशिष्ट प्रस्ताव के लिए नोटिस दिया है, जिसमें यह जिक्र किया गया है कि कैसे ये (राहुल) सोरोस फाउंडेशन, फोर्ड फाउंडेशन, यूएसएड के साथ मिलकर थाईलैंड, कंबोडिया, वियतनाम, अमेरिका जाते हैं और किस तरह भारत विरोधी ताकतों के साथ मिले हुए रहते हैं। भाजपा सांसद ने राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द करने और उन्हें चुनाव लड़ने से आजीवन प्रतिबंधित करने की भी मांग की।

## पीएम मोदी 'सेवा तीर्थ' और कर्तव्य भवन का करेंगे उद्घाटन

### गृह-विदेश समेत कई बड़े मंत्रालय यहां होंगे शिफ्ट

(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री कार्यालय की नयी इमारत सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन 1 और 2 का शुक्रवार को उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि यह उद्घाटन भारत की प्रशासनिक शासन संरचना में मील का पत्थर है और यह आधुनिक, कुशल, सुलभ एवं जन–केंद्रित शासन प्रणाली के निर्माण के प्रति प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। बयान में कहा गया है कि दशकों तक, कई प्रमुख सरकारी कार्यालय और मंत्रालय सेंट्रल विस्टा क्षेत्र में अलग–अलग स्थानों पर बने और पुराने बुनियादी ढांचे से संचालित होते रहे हैं। बयान में कहा गया कि कार्यालयों के एक साथ नहीं होने के कारण परिचालन में अक्षमताएं, समन्वय संबंधी चुनौतियां, रखरखाव लागत में वृद्धि और कार्य के उचित वातावरण की समस्या पैदा हुई। इसमें कहा गया है कि नए भवन परिसर आधुनिक एवं भविष्य के लिए तैयार सुविधाओं के भीतर प्रशासनिक कार्यों को समेकित करके इन समस्याओं का समाधान करते हैं। सेवा तीर्थ में प्रधानमंत्री कार्यालय, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और कैबिनेट सचिवालय हैं, जो पहले अलग–अलग स्थानों पर स्थित थे। कर्तव्य भवन 1 और 2 में कानून, रक्षा, वित्त, स्वास्थ्य, कृषि और कई अन्य महत्वपूर्ण मंत्रालयों के कार्यालय स्थित हैं। दोनों भवन परिसरों में डिजिटल रूप से एकीकृत कार्यालय, संरचित सार्वजनिक संपर्क क्षेत्र




और केंद्रीकृत स्वागत सुविधाएं हैं। बयान में कहा गया कि 4–स्टार जीआरआईएचए (ग्रीन रेटिंग फॉर इंटीग्रेटेड हैबिटैट असेसमेंट) मानकों के अनुरूप डिजाइन किए गए इन परिसरों में नवीकरणीय ऊर्जा प्रणालियां, जल संरक्षण उपाय, अपशिष्ट प्रबंधन समाधान और उच्च–प्रदर्शन वाली भवन संरचनाएं शामिल हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि इन उपायों से पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव में उल्लेखनीय कमी आती है और परिचालन दक्षता बढ़ती है। इन भवन परिसरों में व्यापक सुरक्षा व्यवस्थाएं की गई हैं जैसे कि स्मार्ट प्रवेश नियंत्रण प्रणाली, निगरानी नेटवर्क और उन्नत आपातकालीन प्रतिक्रिया अवसंरचना, जिससे अधिकारियों और आगंतुकों के लिए सुरक्षित एवं सुगम वातावरण सुनिश्चित होता है।

## लोकसभा में राहुल गांधी के भाषण पर सियासी संग्राम

### विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव टला, लेकिन सदस्यता खत्म करने पर चर्चा चाहती है भाजपा

(एजेंसी) नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के हालिया भाषण को लेकर राजनीतिक विवाद चरम पर पहुंच गया है। संसद के भीतर दिए गए उनके बयान पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कड़ी आपत्ति जताई है। हालांकि, ताजा जानकारी के अनुसार केंद्र सरकार फिलहाल राहुल गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव लाने के पक्ष में नहीं है। इससे राहुल गांधी को तत्काल राहत मिलती दिख रही है, लेकिन यह मामला अभी पूरी तरह शांत नहीं हुआ है। सूत्रों के मुताबिक, सरकार इस विवाद को आगे बढ़ाने के मूड में नहीं है और विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव लाने से परहेज कर रही है। माना जा रहा है कि सरकार संसद की कार्यवाही को सुचारु रूप से चलाना चाहती है और इस मुद्दे को और अधिक तूल देने से बचना चाहती है। हालांकि, यह भी कहा जा रहा है कि राहुल गांधी के भाषण में कुछ ऐसे आरोप और टिप्पणियां थीं, जिन्हें प्रमाणित नहीं माना गया। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि लोकसभा अध्यक्ष कुछ आपत्तिजनक अंशों को सदन की कार्यवाही से हटाने का निर्णय ले सकते हैं। राहुल गांधी के भाषण पर भाजपा ने औपचारिक आपत्ति दर्ज कराई है। पार्टी के मुख्य सचेतक (चीफ व्हिप) संजय जायसवाल ने बजट चर्चा के दौरान राहुल द्वारा कही गई कुछ बातों को लोकसभा की कार्यवाही से हटाने का नोटिस दिया है। भाजपा का आरोप है कि राहुल गांधी ने सदन में ऐसे बयान दिए जो तथ्यों से परे और आपत्तिजनक हैं। पार्टी का कहना है कि संसद में दिए गए वक्तव्य जिम्मेदारी और तथ्यों पर आधारित होने चाहिए, क्योंकि वे आधिकारिक रिकॉर्ड का हिस्सा बनते हैं। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने इस मामले में अलग रुख अपनाते हुए राहुल गांधी के खिलाफ एक मूल प्रस्ताव दायर किया है। यह सामान्य नोटिस से अलग प्रक्रिया है। यदि लोकसभा अध्यक्ष इस प्रस्ताव को स्वीकार करते हैं, तो इस पर सदन में चर्चा और मतदान हो सकता है। ऐसी स्थिति में प्रस्ताव पारित होने पर राहुल गांधी की संसद सदस्यता पर भी प्रभाव पड़ सकता है। हालांकि, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि अध्यक्ष इस प्रस्ताव को स्वीकार करेंगे या नहीं। निशिकांत दुबे ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर मांग की है कि राहुल गांधी के कथित 'अनैतिक आचरण' की जांच के लिए एक संसदीय समिति गठित की जाए। उन्होंने अपने पत्र में कहा है कि यदि आरोप गंभीर पाए जाते हैं तो राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त करने पर भी विचार किया जाना चाहिए। दुबे का आरोप है कि राहुल गांधी ने संसद के अंदर और बाहर ऐसे बयान दिए हैं, जो देश की एकता और संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा को प्रभावित करते हैं। अपने पत्र में निशिकांत दुबे ने 11 फरवरी को दिए गए राहुल गांधी के भाषण का विशेष उल्लेख किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने पूर्व सेना प्रमुख की एक अप्रकाशित पुस्तक का संदर्भ देकर सेना, रक्षा मंत्रालय और प्रधानमंत्री की छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की।



दुबे का कहना है कि किसी अप्रकाशित या अप्रमाणित सामग्री का हवाला देकर संसद में आरोप लगाना उचित नहीं है। उन्होंने इसे गंभीर विषय बताते हुए इसकी जांच की मांग की है। पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि राहुल गांधी विभिन्न मंत्रालयों पर बिना ठोस प्रमाण के आरोप लगाते रहे हैं। इसके अलावा उनकी विदेश यात्राओं और कथित फंडिंग के स्रोतों को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं। हालांकि, इन आरोपों पर कांग्रेस की ओर से आधिकारिक प्रतिक्रिया का इंतजार है। पार्टी के सूत्रों का कहना है कि राहुल गांधी ने सदन में जो भी कहा, वह सार्वजनिक जानकारी और राजनीतिक विमर्श का हिस्सा है। संसदीय प्रक्रियाओं के जानकारों का कहना है कि विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव लाना एक गंभीर कदम होता है और इसके लिए पर्याप्त आधार की आवश्यकता होती है। फिलहाल सरकार द्वारा ऐसा प्रस्ताव न लाने का संकेत यह दर्शाता है कि मामला राजनीतिक स्तर पर ही सुलझाने की कोशिश हो सकती है। हालांकि, यदि लोकसभा अध्यक्ष आपत्तिजनक अंशों को रिकॉर्ड से हटाने का निर्णय लेते हैं, तो यह भाजपा के लिए आंशिक संतोष का विषय हो सकता है। वहीं, यदि मूल प्रस्ताव पर विचार होता है, तो सदन में इस मुद्दे पर व्यापक बहस देखने को मिल सकती है। राहुल गांधी के भाषण को लेकर उठे इस विवाद ने संसद का माहौल गरमा दिया है। एक ओर भाजपा इसे गंभीर आचरण का मामला बता रही है, तो दूसरी ओर कांग्रेस इसे राजनीतिक प्रतिशोध की कार्रवाई करार दे सकती है। फिलहाल इतना तय है कि विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव से राहुल गांधी को तत्काल राहत मिली है, लेकिन उनके भाषण के कुछ हिस्सों पर कार्रवाई की संभावना बनी हुई है। आने वाले दिनों में लोकसभा अध्यक्ष का रुख और सरकार का अंतिम निर्णय इस पूरे प्रकरण की दिशा तय करेगा।

# छोटी काशी कॉरिडोर में सुरक्षा के इंतजाम, आयुक्त-आईजी ने परखी तैयारियां

## – कमिश्नर ने व्यवस्थाओं पर जताया संतोष, डीएम-एसपी व चेयरमैन की सराहना

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर छोटी काशी गोला कॉरिडोर में उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। तैयारियों का जायजा लेने के लिए राजधानी लखनऊ से आयुक्त लखनऊ मंडल विजय विश्वास पंत और आईजी लखनऊ रेंज किरण एस गुरुवार को गोला गोकर्णनाथ पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी डॉ. ख्याति गर्ग, सीडीओ अभिषेक कुमार, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह समेत अन्य अधिकारियों के साथ कॉरिडोर क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेडिंग, यातायात प्रबंधन, साफ–सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और चिकित्सा सुविधाओं की बारीकी से समीक्षा की। नक्शे के माध्यम से रूट प्लान देखा और मौके पर पैदल भ्रमण कर व्यवस्थाओं का आकलन किया। कॉरिडोर परिसर में प्रस्तावित सीसीटीवी कंट्रोल रूम, खोया–पाया केंद्र और मेडिकल शिविर स्थल का भी निरीक्षण किया। अधिकारियों ने जिला प्रशासन की तैयारियों पर संतोष जताया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त और आईजी ने विद्युत पोल पर लटकते तारों को तत्काल कसवाने और विद्युत सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीएसओ को निर्देशित किया कि मंदिर मार्गों पर गैस सिलेंडर खुले में न रखे जाएं और अवैध रूप से एक सिलेंडर से दूसरे में गैस रिफिलिंग न होने पाए। ईओ को नालियों की सफाई के साथ ओडर ट्रीटमेंट कराने और शिवरात्रि की रात्रि में समुचित पथ प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। सभी स्ट्रीट लाइटें क्रियाशील रखने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने एंबुलेंस, दमकल गाड़ियों, मार्गों पर पेयजल और मोबाइल शौचालय की उपलब्धता की भी जानकारी ली। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए इस बार व्यापक और बहुस्तरीय इंतजाम किए गए हैं। महाशिवरात्रि पर प्रशासन अलर्ट रू नीलकंठ मैदान में आयुक्त–आईजी की बैठक, सुरक्षा व ट्रैफिक के कड़े इंतजाम इसके बाद आयुक्त एवं आईजी लखनऊ रेंज ने नीलकंठ मैदान में अफसरों, वॉलिंटियर्स, मंदिर प्रबंधन के साथ बैठक की। बैठक में डीएम, एसपी, सीडीओ, एडीएम, एसडीएम, सीओ, ड्यूटी में लगाए गए मजिस्ट्रेट मौजूद रहे। बैठक में शिवरात्रि पर मजिस्ट्रेट ड्यूटी एवं अन्य व्यवस्थाओं में तैनात अधिकारियों से उनके उत्तरदायित्व की जानकारी लेकर जरूरी निर्देश दिए। अधिकारियों को स्पष्ट किया कि अपने–अपने सेक्टर में सतत निगरानी बनाए रखें और किसी भी स्थिति में लापरवाही न बरती जाए। ईओ ने सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था, पानी के टैंकर, मोबाइल शौचालय सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी दी। वहीं विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि शिवरात्रि के दिन ट्रिपिंग की समस्या न हो। जहां भी फॉल्ट आए, उसे तत्काल ठीक किया जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। आयुक्त विजय विश्वास पंत ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा शासन–प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। डीएम–एसपी के नेतृत्व में की गई तैयारियों की सराहना करते हुए कहा कि इस बार महाशिवरात्रि पर बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए व्यापक स्तर पर प्लानिंग की गई है। आयुक्त ने चेयरमैन विजय शुक्ल 'रिंकू' की भी सराहना की। बड़ी संख्या में युवा वॉलिंटियर्स सेवाभाव से प्रशासन के साथ जुड़े हैं, यह सुखद है। ऐसे युवाओं को ईश्वर अवश्य पुण्य प्रदान करेंगे। उन्होंने अधिकारियों को क्षेत्र भ्रमण, अंतरविभागीय समन्वय और सु.ढ़ प्लानिंग पर विशेष फोकस रखने के निर्देश दिए। सीएम की मंशानुरूप वॉलिंटियर्स की सक्रिय भागीदारी से व्यवस्थाएं और सु.ढ़ होंगी। आईजी रेंज किरण एस ने कहा कि पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए सुरक्षा और विश्वास दोनों आवश्यक हैं। श्रद्धालुओं के साथ मधुर व्यवहार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती रहेगी। भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। ट्रैफिक डायवर्जन और कुछ मार्ग पर आवश्यकतानुसार नो–व्हीकल जोन की व्यवस्था लागू की जाएगी। वॉलिंटियर्स के साथ समन्वय स्थापित कर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुचारू रखा जाएगा, ताकि श्रद्धालु शांतिपूर्वक और सुरक्षित ढंग से भगवान शिव के दर्शन कर सकें। अंत में चेयरमैन विजय शुक्ला रिंकू ने आभार ज्ञापित किया। बैठक में मंदिर समिति के अध्यक्ष जनार्दन गिरी, एएसपी पश्चिमी अमित राय, एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी, सीओ रमेश कुमार तिवारी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी और वॉलिंटियर्स शामिल हुए।



# पीएसएसएस के प्रतिनिधिमंडल को डिप्टी सीएम ने किया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। पत्रकारों के हितों की रक्षा एवं पत्रकार आयोग के गठन की मांग को लेकर सतत प्रयासरत पत्रकार सुरक्षा सेवा समिति (पंजी.त) ऑल इंडिया के कार्यों से प्रभावित होकर उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने संगठन के प्रतिनिधिमंडल को सम्मानित करते हुए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार देश भर में पत्रकार सुरक्षा अधिनियम लागू कराने तथा पत्रकार आयोग के गठन की मांग को लेकर संगठन द्वारा निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संस्थापक बिनोद कुमार वर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने उपमुख्यमंत्री से भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान एवं अधिकारों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। उपमुख्यमंत्री ने संगठन द्वारा पत्रकारों के हित में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि लोकतंत्र में पत्रकारिता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और पत्रकारों की सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। उन्होंने संगठन के संकल्पित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए शुभकामनाएं देते हुए प्रतिनिधिमंडल को सम्मानित किया। इस प्रतिनिधिमंडल में मंडल अध्यक्ष राशिद खान चांद, जिला सीतापुर के जिला महासचिव भोला गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। मुलाकात के बाद संगठन के कार्यों की व्यापक चर्चा विभिन्न जनपदों में होती रही। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश संरक्षक प्रताप तिवारी, मंडल उपाध्यक्ष आशिफ खान, सीतापुर जिलाध्यक्ष अचल कुमार गुप्ता, निशांत त्रिपाठी, जिला मंत्री अनुज यादव, अभ्यांश वर्मा, जिला सचिव (जालौन) राजकुमार सिंह, रोहित कुमार सहित अनेक पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रतिनिधिमंडल को बधाई दी और इसे संगठन के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया। संगठन पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि पत्रकारों के अधिकारों एवं सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर भविष्य में भी इसी प्रकार सकारात्मक पहल जारी रहेगी।



# नानौता में त्योहारों के दृष्टिगत शांति समिति गोष्ठी आयोजित

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानौता, सहारनपुर। थाना प्रभारी नानौता द्वारा जनपद में आगामी त्यौहार महाशिवरात्रि, रमजान, ईद आदि को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से थाना नानौता प्रांगण में नगर के सम्मानित नेतागण व ग्राम प्रधानों, संभ्रांत व्यक्तियों एवं शांति समिति सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान उपस्थित लोगों से त्यौहारों को आपसी भाईचारे एवं सौहार्द के साथ मनाने की अपील की गई तथा अफवाहों से बचने, सोशल मीडिया पर सतर्क रहने एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। पुलिस द्वारा बताया गया कि किसी भी प्रकार से शांति व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान जगपाल सिंह पूर्व जिलाध्यक्ष बसपा, पूर्व सभासद अमजद खान, रोबिन जैन, नक्कल सैनी, ग्राम प्रधान बाबूपरा बिलाल चौधरी, प्रधान हारून चौधरी, वासिल जोगीपुर, रविन्द्र सिंह प्रधान जंधेड़ी, सलमान मलिक, जोनी कुमार प्रधान छचरौली, सलमान मलिक, नीरज कुमार प्रधान लंढोरा, शमशेर खान, नईम खान पूर्व प्रधान, नसीम सिद्दीकी, अब्बास चौधरी नगर अध्यक्ष सपा आदि उपस्थित रहे।



# खाकी व खादी के बाद अब कलम के सिपाही पर भ्रष्टाचार के दाग

न्यूज वाणी ब्यूरो

घिरोर, मैनपुरी। उत्तर प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति को धता बताते हुए तहसील घिरोर के ग्राम हविलिया में भ्रष्टाचार का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। क्षेत्र के क्षेत्रीय लेखपाल हेमंत कुमार पर एक पीड़ित ग्रामीण से मकान बचाने के नाम पर 50,000 की रिश्वत मांगने और 35,000 डकारने का गंभीर आरोप लगा है। इस सौदेबाजी का एक ऑडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसने राजस्व विभाग में हड़कंप मचा दिया है। मामला विकास खंड घिरोर की ग्राम पंचायत कोसमा के अंतर्गत आने वाले ग्राम हविलिया का है। पीड़ित का आरोप है कि उसका मकान ढहाने की धमकी देकर लेखपाल हेमंत कुमार ने उससे मोटी रकम की मांग की। डरे–सहमे पीड़ित ने अपनी जमा–पूंजी से 35000 लेखपाल को थमा दिए लेकिन भ्रष्टाचार की भूख यहीं शांत नहीं हुई। वायरल ऑडियो के अनुसार, लेखपाल बाकी बचे 15,000 के लिए पीड़ित पर लगातार दबाव बना रहा था। जब पीड़ित असमर्थता जताते हुए शेष राशि नहीं दे पाया, तो लेखपाल ने बदले की भावना से ग्रसित होकर उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी। प्रशासनिक महकमे में खलबली रिश्वतखोरी का यह ऑडियो सार्वजनिक होने के बाद ग्रामीणों में भारी रोष है। लोग अब मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी से भ्रष्ट लेखपाल के खिलाफ सख्त कार्रवाई और उसकी संपत्ति की जांच की मांग कर रहे हैं। हालांकि वायरल ऑडियो की सत्यता की पुष्टि अखबार नहीं करता है, लेकिन इस घटना ने तहसील प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# हत्या में पांच को आजीवन कारावास की सजा सुनाई

न्यूज वाणी ब्यूरो /बिजनौर। अपर सत्र न्यायाधीश नगीना अनुपम सिंह प्रथम ने नसीम अहमद की हत्या में पांच अभियुक्तों को दोषी पाया है, जिन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 25–25 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। एक आरोपी आफताब को दोषमुक्त कर दिया। एडीजीसी क्षितिज अग्रवाल ने बताया कि थाना अफजलगढ़ में गांव हिदायतपुर टांडा गांव के रहने वाले महबूब अहमद ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें कहा कि छह जून 2024 की सुबह वह अपने पिता शमीम अहमद, इकबाल, फिरोज उर्फ सोनू के साथ धान के खेत पर सिंचाई करने के लिए गए थे। उसके चाचा नसीम अहमद भी खेत पर पहुंच गए। तभी आरोपी अखलाक पुत्र अली अहमद, आफताब पुत्र अली अहमद, राशिद पुत्र मोहम्मद उमर, शहजाद पुत्र अली अहमद, रियासत पुत्र मोहम्मद उमर निवासीगण हिदायतपुर टांडा, शमीम पुत्र बाबू निवासी मीरापुर मोदीवाला और एक अज्ञात व्यक्ति के साथ जंगल से निकाल कर आए। जिन्होंने उसके चाचा नसीम अहमद उर्फ बाबू को घेर कर जानलेवा हमला कर दिया। अखलाक ने नसीम अहमद उर्फ बाबू के सिर में तमंचे से गोली मार दी। शहजाद और रियासत ने उसकी और तमंचे से फायरिंग की। इससे पहले आरोपियों ने उसके चाचा नसीम अहमद उर्फ बाबू के लड़के सलमान की भी पीट–पीटकर हत्या की थी। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। अब अदालत ने सुनवाई करने के बाद अखलाक, उसके भाई शहजाद अहमद और राशिद, उसके भाई रियासत तथा शमीम को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

# डीएम व एसएसपी ने थाना पचोखरा क्षेत्र का किया निरीक्षण

## – महाशिवरात्रि पर्व को लेकर अधीनस्थों को दिए दिशा–निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। पावन पर्व महाशिवरात्रि के .ष्टिगत जिलाधिकारी रमेश रंजन और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित द्वारा संयुक्त रूप से जनपद की टूंडला तहसील अंतर्गत थाना पचोखरा क्षेत्र का सघन निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य व्यवस्थाओं का जायजा लेना, साथ ही सुरक्षा व्यवस्थाओं का अवलोकन करना था। जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने इस व्यवस्था में लगे अधिकारियों से उनकी तैयारी के संबंध में जानकारी ली, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी टूंडला ने बताया कि सर्वाधिक भीड़–भाड़ वाले संवेदनशील स्थानों पर 24 घंटे एंबुलेंस तैनात रहेगी, चिकित्सकों की विशेष टीम अनवरत् ड्यूटी पर



तैनात रहेगी, ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके जबकि खंड विकास अधिकारी ने कहा कि निहाल सिंह की पुलिया तजापुर और रजावली मार्ग पर विशेष कैंप बनाए गए हैं। इन शिविरों में शुद्ध पेयजल, दूध और आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। ताकि आने वाले दर्शनार्थियों और कांवड़ियों को कोई परेशानी न उठानी पड़े। अधिशासी अभियंता विद्युत ने बताया कि कावड़ मार्ग पर लटके हुए ढीले तारों को दुरुस्त करने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। ताकि किसी भी दुर्घटना को रोका जा सके, जबकि उपजिलाधिकारी टूंडला ने जानकारी दी कि क्षेत्र के सभी अत्यधिक भीड़ वाले बिंदुओं को चिन्हित कर लिया गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सड़कों के टूटे–फूटे किनारो की मरम्मत कराई जा रही है, ताकि आवागमन में कोई असुविधा न हो इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि महाशिवरात्रि पर आने वाले दर्शनार्थियों और कावंडियों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है, सभी संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। वहीं पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सुरक्षा में किसी भी प्रकार की कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संवेदनशील स्थानों की निगरानी सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से की जा रही है। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, अपर जिलाधिकारी विशु राजा आदि उपस्थित रहें।

# प्रशासन ने माना अतिक्रमण, फिर भी 12 बीघे का तालाब कब्जे में

## – तालाब को अतिक्रमण ने निगला, आखिर किसके दबाव में है तंत्र?

न्यूज वाणी ब्यूरो

अमेठी। शुकुल बाजार क्षेत्र में इन्हौना–रुदौली संपर्क मार्ग से सटे करीब 12 बीघे के सरकारी तालाब पर अतिक्रमण की पुष्टि खुद प्रशासन द्वारा किए जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई न होना गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। जब कागजों में कब्जा स्वीकार है, तो जमीन पर कार्रवाई क्यों गायब है? स्थानीय निवासी अभिषेक शुक्ला उर्फ विधायक का आरोप है कि तालाब की जमीन पर रामबक्स एजेंसी सहित 42 लोगों द्वारा निर्माण कर कब्जा किया गया है। शिकायतों और ज्ञापनों का सिलसिला लंबे समय से जारी है, और प्रशासन द्वारा 16 सदस्य टीम गठित कर पैमाइश करवाई गई जिसमें 42 लोगों का अतिक्रमण पाया गया लेकिन बुलडोजर अब तक नहीं पहुंचा। इससे प्रशासन की निष्क्रियता पर उंगली उठना स्वाभाविक है। सोशल मीडिया पर भी मामला गरमाया हुआ है। कुछ लोगों ने टिप्पणी की है कि यदि यही अतिक्रमण किसी मुस्लिम या यादव के नाम से जुड़ा होता तो अब तक सख्त कार्रवाई हो चुकी होती। इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है, लेकिन ऐसे आरोप प्रशासन की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न लगा रहे हैं। 12 बीघे का तालाब महज जमीन नहीं, बल्कि जल संरक्षण और पर्यावरण संतुलन का महत्वपूर्ण स्रोत है। यदि इस पर कब्जा बना रहता है तो यह केवल अवैध निर्माण का मामला नहीं, बल्कि सरकारी तंत्र की कार्यक्षमता पर सीधा प्रहार माना जाएगा। सबसे बड़ा सवाल यही है क्या प्रभावशाली नामों की वजह से कार्रवाई रुकी हुई है? या फिर मामला जानबूझकर ठंडे बस्ते में डाला जा रहा है? तहसील प्रशासन से संपर्क का प्रयास किया गया, संपर्क नहीं हुआ जिससे कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया। इस बीच स्थानीय निवासी अभिषेक शुक्ला ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि जरूरत पड़ी तो वे संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों को भी न्यायालय तक ले जाएंगे। उन्होंने उच्चतम न्यायालय पर भरोसा जताते हुए कहा कि सरकारी तालाब की भूमि को हर हाल में अतिक्रमण मुक्त कराया जाना चाहिए। अब क्षेत्र में एक ही सवाल गूंज रहा है जब प्रशासन खुद अतिक्रमण मान चुका है, तो 12 बीघे के तालाब पर बुलडोजर कब चलेगा? या यह मामला भी फाइलों की धूल में दबा दिया जाएगा?



# स्वच्छ पर्यावरण व स्वस्थ जीवन कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने दिया व्याख्यान

न्यूज वाणी ब्यूरो

हरगांव, सीतापुर। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय हरगांव में जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर के निर्देशानुसार स्वच्छ पर्यावरण एवं स्वस्थ जीवन विषय पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद




द्वारा संचालित जिला विज्ञान क्लब द्वारा जागरूकता कार्य क्रम तथा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ नगर पंचायत हरगांव के अध्यक्ष गफार खां, अधिशाषी अधिकारी श्रीश मिश्र, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार श्रीवास्तव एवं जिला विज्ञान क्लब समन्वयक डॉ योगेश चंद्र दीक्षित ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कस्तूरबा गांधी की बालिकाओं ने स्वागत गीत तथा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। अध्यक्ष गफार खां ने अपने सम्बोधन में कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए पर्यावरण स्वच्छ रखना अत्यन्त आवश्यक है। इसके लिए हम सभी को उद्देश्य पूर्ण रूप से कार्य करना चाहिए। विषय विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार श्रीवास्तव ने पर्यावरण संरक्षण के लिए विभिन्न प्रयोगों द्वारा उपस्थित जनसमूह और विद्यार्थियों को उत्प्रेरित किया विशेष रूप से प्लास्टिक तथा पॉलिथीन के उपयोग में सावधानी बरतने पुन र्चक्रण एवं सुव्यवस्थित निस्तारण पर अपना व्याख्यान दिया तथा पर्यावरण संरक्षित करने हेतु सभी को शपथ दिलाई। महमूदाबाद से आईं पर्यावरणविद् ममता देवी ने दैनिक जीवन में किस प्रकार से हमें छोटी–छोटी बातों से ही पर्यावरण संरक्षण करने अपशिष्ट का समुचित निस्तारण करने तथा पौष्टिक आहार लेने के लिए प्रेरित किया। अधिशाषी अधिकारी श्रीश मिश्र ने बताया कि ऐसे जागरूकता कार्य क्रम जन उपयोगी साबित होते हैं तथा इसे जन आंदोलन बनाते हुए हम अपनी भूमि को अपने राष्ट्र को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान दे सकते हैं। जिला विज्ञान क्लब समन्वयक डॉ योगेश चंद्र दीक्षित ने दूध, रिफाइंड आदि की पॉलिपेक का पुनरुपयोग करने की विधि बताते हुए कहा कि इनमें आप अपने घर खाए हुए फलों के बीजों अथवा अन्य पुष्पों की प्रजातियां उगा सकते हैं। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से राष्ट्रीय बालिका सुरक्षा योजना के विशेषज्ञ डॉक्टर बुशरा, नुजहत तथा ऋचा सिंह ने बालिकाओं की काउंसलिंग की तथा उन्हें स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारियां दी। किशोरावस्था में होने वाले परिवर्तन में संतुलित आहार का सेवन करने का निर्देश दिया। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी रामाकांत मौर्य ने प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया तथा जीवन में पर्यावरण को स्वच्छ रखने का लक्ष्य लेकर कार्य करने की सलाह दी। कार्यक्रम की संयोजिका तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की प्रधानाचार्या सरोजिनी चौहान ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम प्रभारी ऋषि ने अतिथियों को धन्यवाद दिया। प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका एकेडमिक रिसोर्स पर्सन सत्यांश सिंह,उच्च प्राथमिक विद्यालय से सुबोध मान तथा कस्तूरबा गांधी की गीता ने निभाई। कार्यक्रम में दोनों उच्च प्राथमिक विद्यालय कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, ग्रीन फील्ड अकादमी, अशरफ अली इंटर कॉलेज तथा बिड़ला विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। जूनियर वर्ग की पोस्टर प्रतियोगिता में सकीना प्रथम रजनी द्वितीय कनक तीसरे स्थान पर रही। जबकि सीनियर वर्ग में बिड़ला विद्या मंदिर की माधुरी सिंह प्रथम स्थान पर ग्रीन फील्ड की सांची गुप्ता द्वितीय स्थान पर बिरला विद्या मंदिर की राधिका तीसरे स्थान पर रही। प्रिया आयुष और सुनीता देवी को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। भाषण प्रतियोगिता में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की पूजा प्रथम ग्रीन फील्ड अकादमी की अव्या मिश्रा द्वितीय वाहिद शाह तृतीय स्थान पर रहे जबकि बंदिनी मानसी मिश्रा और मान को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ।

# सरकार के आदेश के बाद भी नकली पानी की सप्लाई चालू

न्यूज वाणी ब्यूरो

मैनपुरी। हिमालया इंडस्ट्रीज के नाम से बिक रहा नकली पानी की फैक्ट्री चलाई जा रही और पानी संचालक प्लांट में कई नाम से पैक किया जा रहा हैं यह मैनपुरी में पानी के प्लांट का नकली कारोबार चल रहा है जो कि ग्रामीणों ने जानकारी दी और कहा है कि नाम न्यूज पेपर नही छापना चाहिए। ग्रामीणों में प्लांट संचालक का खोप है नाम को गोपनीय रखा जाए। एक ही प्लांट में कई सैंपल कि बॉटल में पानी की बिक्री की जा रही है। प्लांट के कर्मचारी ने बताया कि एक दिन में दो हजार बॉटल की सप्लाई की जा रही है और बताया है कि जों गंदा है। उसका निकालने का कोई रास्ता नही है और सबसे बड़ा सवाल तो यह की समर के पानी को फिल्टर नहीं किया जा रहा है। समर के पानी से बोतल भरी जा रही है और बाजार में सप्लाई की जा रही है क्या खाद्य विभाग को इस की जानकारी नहीं है या खाद्य विभाग की मिलीभगत से चल रहा है। नकली पानी का कारोबार अब देखना तो यह होगा की प्रशासन क्या नकली पानी कंपनी पर कार्यबाई होती हैं या नहीं यह पूरा मामला एलाऊ थाना क्षेत्र के किशोरपुर चौराहा के पास का है।

# राज्य अध्यापक पुरस्कार में नाम चयनित होने पर अश्वनी को डीआईओएस ने किया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

सिरसागंज, फिरोजाबाद। श्री महावीर दिगम्बर जैन इंटर कॉलेज सिरसागंज के नागरिक शास्त्र के प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन को मानविकी वर्ग में महामहिम राज्यपाल द्वारा राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। अश्वनी कुमार जैन को यह पुरस्कार विद्यालय में अपने विषय में विद्यार्थियों के नामांकन बढ़ाने, नागरिक शास्त्र विषय को रुचिकर बनाने, उसमें नवाचार करने नागरिक शास्त्र मेला, भारतीय संसद का निर्माण, संविधान प्रस्तावना पाठ, संविधान क्विज, संविधान पोस्टर प्रतियोगिता, पैनल बोर्ड से वीडियो के माध्यम से अध्ययन, शैक्षिक भ्रमण, टीएलएम से विद्यार्थियों को अध्ययन, विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं में योगदान, महापुरुषों की जयंती एवं राष्ट्रीय पर्वों पर मंच संचालक की भूमिका का निर्वहन, नगर पालिका परिषद सिरसागंज के स्वच्छ भारत अभियान के ब्राण्ड एम्बेसडर की भूमिका में स्वच्छता संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन, वृक्षारोपण कार्यक्रम, सड़क सुरक्षा, मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम, आजादी का अमृत महोत्सव, विद्यार्थियों को संसद, चुनाव आदि की जानकारी एवं सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका प्रदान करने के लिए दिया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार ने उन्हें शुभकामनाएं प्रदान करते हुए बताया कि जैन कई वर्षों से इस पुरस्कार के प्रतिभागी रहे, वह विज्ञान और शिक्षा के क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय हैं। वह जिला विज्ञान क्लब के जिला समन्वयक भी हैं और उन्होंने अपने व जिले के विभिन्न विद्यालयों में एक हजार से अधिक विज्ञान प्रदर्शनियां एवं गतिविधियां आयोजित की हैं। उनके द्वारा विद्यालय में सभी गतिविधियों में पूर्ण सक्रियता रहती है। जनपद में माध्यमिक शिक्षा विभाग से पहली बार राज्य स्तर पर शिक्षक का चयन हुआ है। यह जनपद के लिए गौरव का क्षण है। अश्वनी कुमार जैन ने जिला विद्यालय निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार के साथ समस्त जनप्रतिनिधियों, समस्त प्रशासनिक अधिकारियों, जनपद के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक साथी, विद्यालय की प्रबन्ध समिति, समस्त विद्यालय परिवार, समस्त मीडिया वर्ग का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि काम ही पहचान है। उनका प्रयास सदैव यह रहा है कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ–साथ प्रायोगिक और सृजनात्मक अनुभव मिल सके। उन्होंने कहा कि शिक्षक का कर्तव्य केवल किताबें पढ़ाना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच और सामाजिक जिम्मेदारी विकसित करना भी है। इस अवसर पर कौशलेन्द्र मिश्रा, सुरेश कुमार, सोनवीर सिंह राठौर, महीपाल सिंह, राजकपूर, देवेन्द्र सिंह, तरुणा सिंह, श्वेता सिंह, दिनेश चाहर, प्रदीप सिंह, सुनील कुमार, सुरेश सिंह, मुकेश शुक्ला, अशोक उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।



# शहतूती रेशम कृषक प्रशिक्षण का शुभारंभ

न्यूज वाणी ब्यूरो

परसेण्डी। रेशम विकास विभाग के तत्वाधान में मुख्यमंत्री रेशम विकास योजना के अंतर्गत जनपद के विभिन्न फार्मो के क्षेत्र से चयनित 40 .षकों का राजकीय रेशम फार्म, परसेण्डी, जनपद सीतापुर पर शहतूती रेशम उत्पादन में पांच दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण के आरंभ मे अमित रघुवंशी, सहायक निदेशक (रेशम) द्वारा रेशम क्रियाकलापों की संपूर्ण तकनीकी विषयों पर प्रकाश डाला गया एवं रेशम कीटपालन अपना कर रोजगार के अवसर पैदा करने के संबंध में व्यापक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में प्रमोद कुमार, रेशम विकास अधिकारी एवं सतीश कुमार, रेशम विकास अधिकारी द्वारा भी रेशम उत्पादन से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




# ईसानगर में पांच दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

न्यूज वाणी ब्यूरो /लखीमपुर खीरी। विकास खण्ड इसानगर अंतर्गत ब्लॉक संसाधन केंद्र खमरिया में समग्र शिक्षा के अंतर्गत पांच दिवसीय प्रशिक्षण अखिलआनंद राय सह बेसिक शिक्षा अधिकारी ब्लॉक ईसानगर प्रशिक्षक दीपक कुमार तथा नरेश कुमार गुप्ता कि देख रेख में सम्पन्न हुआ। सह बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिल आनंद राय ने इस प्रशिक्षण के संबंध में बताया कि यह प्रशिक्षण विशेष छात्र छात्राओं के लिए है जो बच्चे शारदा पोर्टल ड्राप आउट तथा जिनको सुनने बोलने लिखने और पढ़ने में दिक्कत आती है। ऐसे बच्चों को शिक्षा देना बहुत मुश्किल होता है। उनको किस तरह शिक्षा दी जाए। इसके अंतर्गत बताया जाता है। इस प्रशिक्षण में विकास खण्ड के पचास से अधिकारी अध्यापकों ने भाग लिया। यह दूसरा बैच है। इससे पूर्व भी एक बैच को प्रशिक्षित किया जा चुका है।



फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफ्ट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद — जी.टी. रोड, फतेहपुर — MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी — सम्पादक कारवाने हक — 9415065213
एफ.ए.जाफरी — D.R. (Opt.) — 7379440876

# जनधन, बीमा, पेंशन योजनाओं से जुड़ने के लिए किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। ब्लॉक चकरनगर के ग्राम पथर्रा में वित्तीय साक्षरता सप्ताह के अंतर्गत वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं एवं वित्तीय समावेशन की जानकारी प्रदान करना था। नाबार्ड के अनुदान सहयोग से इटावा जिला सहकारी बैंक द्वारा संचालित मोबाइल एटीएम वैन को भी ग्रामीणों की सेवा में प्रस्तुत किया गया। इस पहल के माध्यम से दूरस्थ गांवों में नगद निकासी, बैलेंस जांच एवं अन्य बुनियादी बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। नाबार्ड के वित्तीय सहयोग से इटावा जिला सहकारी बैंक द्वारा चलाई जा रही यह मोबाइल वैन जिले में वित्तीय समावेशन को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और बैंक की सक्रिय भूमिका को दर्शाती है। कार्यक्रम में अरुण कुमार, जिला विकास प्रबंधक, नाबार्ड मयूर ठेले, लीड जिला प्रबंधकय जे.के. कनौजिया, पूर्व मुख्य प्रबंधक, सेंट्रल बैंकय स्थानीय बैंक प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अपने संबोधन में अरुण कुमार डीडीएम नाबार्ड ने कहा कि नाबार्ड का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं की पहुंच बढ़ाना है। उन्होंने प्रधानमंत्री जन–धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना की संक्षिप्त जानकारी देते हुए ग्रामीणों को नियमित बचत एवं बीमा सुरक्षा अपनाने के लिए प्रेरित किया। मयूर ठेले एलडीएम ने ग्रामीणों को बैंकिंग सुविधाओं का लाभ लेने, झ्ल्ब पूर्ण रखने एवं साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी। जेके कनौजिया ने कहा कि सहकारी बैंक ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और एटाावा जिला सहकारी बैंक द्वारा मोबाइल एटीएम वैन के माध्यम से गांव–गांव बैंकिंग सेवा पहुंचाना वित्तीय समावेशन की दिशा में सराहनीय प्रयास है। उन्होंने किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड एवं अन्य ऋण योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया तथा वित्तीय साक्षरता सामग्री का वितरण किया गया। यह पहल जिला सहकारी बैंक एवं नाबार्ड के संयुक्त प्रयासों से जिले में वित्तीय समावेशन को मजबूत करने की दिशा में एक प्रभावी कदम सिद्ध हो रही है।




# महाशिवरात्रि पर कांवड़ यात्रा को लेकर व्यापक यातायात डायवर्जन लागू

## - यातायात पुलिस अलर्ट, श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर जनपद में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा कांवड़ यात्रा निकाले जाने के .ष्टिगत व्यापक यातायात प्रबंधन किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अभय नाथ त्रिपाठी के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी यातायात रामगोपाल शर्मा के नेतृत्व में यातायात व्यवस्था को सुचारु एवं सुरक्षित बनाए रखने हेतु विशेष रूट डायवर्जन लागू किया गया है। यातायात प्रभारी सूबेदार सिंह अपनी समस्त टीम के साथ इस व्यवस्था को सफल बनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। विदित हो कि 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान शिव का जलाभिषेक करने हेतु कांवड़ लेकर विभिन्न मार्गों से गुजरेंगे। कांवड़ यात्रा जनपद की सीमा में थाना चौबिया क्षेत्र से प्रवेश कर बसरेहर, फर्रुखाबाद अंडर ब्रिज (एनएच–2), भरथना चौराहा, फर्रुखाबाद ओवरब्रिज से बायें मुड़कर साबितगंज, तहसील चौराहा, बल्देव चौराहा होते हुए आगे बढ़ेगी। कुछ कांवड़िये नीलकंठ मंदिर पर जलाभिषेक करेंगे, जबकि अधिकतर कांवड़िये भिण्ड (मध्य प्रदेश) के लिए बल्देव चौराहा से रामगंज, पचराहा, छै राहा, टीटी तिराहा, उदी चौराहा, चंबल पुल पार कर थाना फूफ की ओर प्रस्थान करेंगे। आगरा की ओर जाने वाले श्रद्धालु उदी चौराहा से दाहिनी ओर मुड़कर थाना बढ़पुरा, पछायगांव, चित्राहाट, बाह होते हुए आगरा में प्रवेश करेंगे। कांवड़ यात्रा के दौरान भारी वाहनों की आवाजाही से दुर्घटना की संभावना को देखते हुए प्रशासन द्वारा विशेष डायवर्जन व्यवस्था लागू की गई है। जनपद में महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर 13 फरवरी शुक्रवार को प्रातः 08 बजे से 15 फरवरी की रात्रि समाप्ति तक भारी वाहनों हेतु डायवर्जन प्रभावी रहेगा। फर्रुखाबाद की ओर से आने वाले भारी वाहन जो बसरेहर एवं फर्रुखाबाद अंडर ब्रिज (एनएच–2) मार्ग से जाना चाहते हैं, वे थाना चौबिया क्षेत्रांतर्गत करी पुलिया से सैफई हवाई पट्टी होते हुए आईटीआई चौराहा (एनएच–2) इटावा होकर अपने गंतव्य को जाएंगे, इकदिल की ओर से फर्रुखाबाद जाने वाले भारी वाहन आईटीआई चौराहा से सैफई हवाई पट्टी और करी पुलिया मार्ग से जाएंगे, बस स्टैंड से फर्रुखाबाद की ओर जाने वाली रोडवेज बसें चौधरी पेट्रोल पंप, एसएसपी चौराहा, आईटीआई चौराहा से सैफई हवाई पट्टी और करी पुलिया होते हुए अपने गंतव्य को जाएंगी, उदी मोड़ चौराहा से फर्रुखाबाद जाने वाले भारी वाहन चकरनगर, बकेवर और भरथना मार्ग से भेजे जाएंगे, लुहन्ना चौराहा से यमुना ब्रिज की ओर जाने वाले भारी वाहन सांई धर्मकांटा और सराय भूपत मार्ग से जाएंगे, चकरनगर से उदी मोड़ की ओर जाने वाले भारी वाहन एनएच–2 के माध्यम से बकेवर होते हुए अपने गंतव्य को जाएंगे, आईटीआई चौराहा से पक्काबाग होते हुए उदी मोड़ की ओर भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा और ऐसे वाहन इकदिल–बकेवर मार्ग से जाएंगे, चौपला कट से इटावा की ओर आने वाले सभी भारी वाहन सैफई हवाई पट्टी होकर जाएंगे, लोहन्ना चौराहा से उदी मोड़ की ओर जाने वाले भारी वाहन सराय भूपत मार्ग से अपने गंतव्य को प्रस्थान करेंगे। शहर क्षेत्र में भी यातायात व्यवस्था में परिवर्तन किया गया है। काजी पंप से ऑटो एवं ई–रिक्शा साबितगंज की ओर नहीं जा सकेंगे, नौरंगाबाद चौराहा से ऑटो एवं ई–रिक्शा साबितगंज की ओर प्रतिबंधित रहेंगे, राजागंज से ऑटो एवं ई–रिक्शा बल्देव चौराहा की ओर नहीं जा सकेंगे, रामगंज चौराहा से तहसील चौराहा एवं साबितगंज की ओर ऑटो एवं ई–रिक्शा नहीं जाएंगे, गाड़ीपुरा चौराहा से ऑटो एवं ई–रिक्शा तहसील चौराहा एवं बल्देव चौराहा की ओर प्रतिबंधित रहेंगे। कांवड़ यात्रा का प्रमुख मार्ग श्रृंगीरामपुर (जनपद फतेहगढ़) से गंगाजल भरकर थाना ऊसराहार, करी पुलिया, थाना चौबिया, भरथना चौराहा, गुरुतेगबहादुर ब्रिज, यू–टर्न साबितगंज, नया शहर, तहसील चौराहा, बल्देव चौराहा, राजागंज, पचराहा, छै राहा और टीटी तिराहा होते हुए निर्धारित गंतव्य तक रहेगा। यातायात पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे निर्धारित डायवर्जन व्यवस्था का पालन करें, वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें और प्रशासन का सहयोग करें, जिससे महाशिवरात्रि एवं कांवड़ यात्रा शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित रूप से संपन्न हो सके।




# थाना ऊसराहार में मिशन शक्ति के तहत चला जागरूकता अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद के थाना ऊसराहार क्षेत्र में गुरूवार को मिशन शक्ति फेज–5.0 के अंतर्गत व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में पहुंचकर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया गया तथा मिशन शक्ति से संबंधित पंपलेट वितरित किए गए। महिलाओं और छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों, साइबर अपराध से बचाव, महिला सुरक्षा उपायों तथा स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। अधिकारियों ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबरों का प्रयोग अवश्य करें। अभियान के दौरान पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 व 108, वीमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930, एलपीजी गैस रिसाव हेल्पलाइन 1906 तथा उपभोक्ता अधिकार हेल्पलाइन 1915 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही महिलाओं को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, नशा मुक्ति भारत अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन तथा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के संबंध में भी जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं व छात्राओं से अपील की कि वे पढ़ाई को प्राथमिकता दें, सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं और किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करें। साथ ही यह भी कहा गया कि सीखी गई जानकारी को अपने परिवार, मित्रों और समाज के अन्य लोगों तक अवश्य पहुंचाएं। अभियान का मुख्य संदेश रहा कि स्वस्थ और सतर्क रहना ही वास्तविक सुरक्षा है। मिशन शक्ति के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर, जागरूक और सुरक्षित बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।



# सुंदरपुर फीडर क्षेत्र में बिजली विभाग की मॉर्निंग रेड

## - पांच उपभोक्ताओं पर बिजली चोरी का मामला दर्ज

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मंडल इटावा ब्रह्म देव एवं अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड के निर्देशानुसार 12 फरवरी को उपखंड अधिकारी द्वितीय अरविंद कुमार निगम एवं अवर अभियंता जयदीप मौर्य द्वारा विजिलेंस टीम के साथ संयुक्त रूप से 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र सुंदरपुर से पोषित क्षेत्र, मोहल्ला कटरा शमशेर खां तथा खिड़किया रतन चंदेल में मॉर्निंग रेड अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान जांच में पाया गया कि पांच उपभोक्ताओं द्वारा अपने परिसरों में अतिरिक्त केबिल, केबिल बायपास तथा बिना वैध संयोजन के विद्युत चोरी की जा रही थी। मौके पर टीम द्वारा वीडियोग्राफी कर साक्ष्य संकलित किए गए और संबंधित उपभोक्ताओं के विरुद्ध विद्युत अधिनियम 2005 की धारा 135 के अंतर्गत विधिक कार्रवाई की गई। कार्रवाई के अंतर्गत माजिद पुत्र शरीफ, संयोजनधारी मुन्ने खां पुत्र वहीद खां, मोजुद्दीन पुत्र बाबू, संयोजनधारी मीना पत्नी बाबू खां, ज्योति पत्नी संजय, जगदीश कश्यप पुत्र रामस्वरूप तथा लक्ष्मण सिंह पुत्र रामस्वरूप के विरुद्ध कार्रवाई की गई। इनमें चार उपभोक्ता घरेलू श्रेणी तथा एक उपभोक्ता वाणिज्यिक श्रेणी का पाया गया। जांच में कुल 08 किलोवाट विद्युत भार अनियमित रूप से उपयोग करते हुए पकड़ा गया। विद्युत विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि बिजली चोरी के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्त अभियान जारी रहेगा। विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे वैध विद्युत संयोजन का ही उपयोग करें, अन्यथा विधिक कार्रवाई के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे।



# लालपुरा जैन मंदिर से 25 मंडलीय सिद्ध चक्र महामंडल विधान का शुभारंभ

## – घट यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं की आस्था उमड़ी

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। शहर के लालपुरा स्थित श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर से आज 25 मंडलीय सिद्ध चक्र महामंडल विधान के अंतर्गत घट यात्रा के साथ भव्य धार्मिक कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत .श्य देखने को मिला, जहां बड़ी संख्या में जैन समाज के श्रद्धालु उपस्थित रहे। यह पावन आयोजन तपस्वी सम्राट आचार्य श्री 108 सन्मति सागर महाराज जी के अंतिम शिष्य आचार्य श्री 108 सुबल सागर महाराज जी के सानिध्य में संपन्न हो रहा है। उनके आशीर्वचन और मार्गदर्शन से वातावरण पूर्णतः भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम में जैन समाज के अध्यक्ष संजू जैन, जयप्रकाश जैन, व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष आलोक दीक्षित सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। आयोजन की सुरक्षा एवं व्यवस्था को देखते हुए अस्तल चौकी प्रभारी मुकेश कुमार सिंह, नया शहर चौकी प्रभारी आर्य कुमार सहित पुलिस बल भी तैनात रहा। धार्मिक अनुष्ठान के शुभारंभ पर श्रद्धालुओं ने मंगल कलश के साथ शोभायात्रा निकाली और पूरे वातावरण को जयकारों से गुंजायमान कर दिया। जैन समाज के लोगों ने इसे धर्म, श्रद्धा और एकता का प्रतीक बताया।



# पुलिस की सक्रिय कार्रवाई, विभिन्न थानों से कई अभियुक्त गिरफ्तार

## – कानून व्यवस्था बनाए रखने को पुलिस का विशेष अभियान जारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में गुरूवार को पुलिस द्वारा चलाए गए विशेष अभियान के तहत विभिन्न थानों की पुलिस ने सराहनीय कार्य करते हुए कई अभियुक्तों को गिरतार किया। यह कार्रवाई कानून व्यवस्था सु.ढ़ रखने तथा न्यायालय के लंबित प्रकरणों के निस्तारण के उद्देश्य से की गई। थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस ने न्यायालय से जारी वारंट के अनुपालन में दो वारंटियों हरिओम पुत्र लज्जाराम तथा मीरा देवी पत्नी लज्जाराम, निवासी मोहल्ला अड्डा पाय, थाना फ्रेंड्स कॉलोनी को गिरतार किया। इसी थाना पुलिस ने धारा 170 बीएनएसएस के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए जसवंत उर्फ गोलू पुत्र हरिश्चंद्र निवासी पुराखेड़ा थाना बिठौली, अभिषेक यादव पुत्र कृष्णपाल यादव निवासी शांति कॉलोनी थाना फ्रेंड्स कॉलोनी तथा अवनीश कुमार वर्मा उर्फ अन्नू पुत्र सतीश प्रसाद वर्मा निवासी शांति कॉलोनी थाना फ्रेंड्स कॉलोनी (मूल पता सौरिख जनपद कन्नौज) को गिरतार किया। थाना वैदपुरा पुलिस ने धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई करते हुए अमोल कुमार पुत्र रामकिशन, रामकिशन पुत्र रामस्वरूप, आशीष कुमार पुत्र विजय सिंह तथा अभिषेक पुत्र शिवराम, सभी निवासी ग्राम नगला करन थाना वैदपुरा जनपद इटावा को गिरतार किया। वहीं थाना चौबिया पुलिस ने भी धारा 170 बीएनएसएस की कार्रवाई के अंतर्गत प्रवेश कुमार पुत्र रामशंकर निवासी ग्राम उनवा मौजा उनवा संतोषपुर थाना चौबिया को गिरतार किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि न्यायालय से संबंधित मामलों में वांछित अभियुक्तों की गिरतारी तथा संदिग्ध व्यक्तियों पर प्रभावी कार्रवाई के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा। जनपद पुलिस का उद्देश्य अपराध नियंत्रण के साथ–साथ कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाना है।

# यातायात प्रभारी को बस हटाने से किया इनकार, रोडवेज बस सीज

## – लाइसेंस व परमिट न मिलने पर 17 हजार का चालान



न्यूज वाणी ब्यूरो /इटावा। शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा सख्त रुख अपनाया जा रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के नेतृत्व में प्रभारी यातायात सूबेदार सिंह द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई। घटना चौधरी पेट्रोल पंप के पास की है, जहां बेवर डिपो की एक रोडवेज बस सड़क किनारे इस प्रकार खड़ी थी कि रोडवेज बस स्टैंड से शास्त्री चौराहे तक यातायात प्रभावित हो रहा था और जाम की स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही थी। सूचना पर पहुंचे प्रभारी यातायात सूबेदार सिंह ने हमराही कांस्टेबल दुर्गेश कुमार एवं कांस्टेबल मनोज कुमार के साथ मौके पर पहुंचकर बस चालक को वाहन हटाने के निर्देश दिए। बताया गया कि बस चालक ने वाहन हटाने में टालमटोल की और यातायात प्रभारी के स्पष्ट निर्देश के बावजूद बस आगे बढ़ाने से इनकार कर दिया। इस दौरान कहासुनी की स्थिति भी बनी। पुलिस अधिकारियों ने इसे ड्यूटी पर तैनात अधिकारी के आदेश की अवहेलना मानते हुए गंभीरता से लिया। जांच के दौरान पाया गया कि बस चालक के पास न तो वैध ड्राइविंग लाइसेंस था और न ही बस से संबंधित आवश्यक परमिट दस्तावेज उपलब्ध थे। नियमों के इस स्पष्ट उल्लंघन और यातायात बाधित करने की स्थिति को देखते हुए यातायात पुलिस ने बस को तत्काल सीज कर संबंधित थाने को सुपुर्द कर दिया। साथ ही वाहन के विरुद्ध 17,000 रुपये का चालान भी किया गया। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि शहर में जाम की समस्या उत्पन्न करने, यातायात नियमों की अनदेखी करने तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों के निर्देशों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ आगे भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि आमजन को सुगम और सुरक्षित यातायात सुविधा मिल सके।

# जिपं चुनाव : जनता के दिलों में जगह बना रहे वार्ड नं. 11 के दावेदार

## - समाजसेवी अमित पटेल क्षेत्र की जनता के बीच पहुंच कर रहे मदद

## - गांव की समस्याओं को चिन्हित कर निस्तारण कराने का कर रहे प्रयास

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला पंचायत चुनाव की सरगर्मियां तेज होते ही कई वार्डों के दावेदार जनता के बीच लगातार पहुंच रहे हैं। इसमें सबसे प्रमुख नाम समाजसेवी अमित पटेल का है। वार्ड नं. 11 असवार तारापुर सीट से चुनाव की तैयारी कर रहे दावेदार अमित पटेल लगातार जनता के बीच पहुंचकर उनके दिलों में जगह बनाने का काम कर रहे हैं। गांव की समस्याओं को चिन्हित कर निस्तारण कराने का भी प्रयास कर रहे हैं। इतना ही नहीं वह वार्ड की जनता के चहेते बनते जा रहे हैं। जिससे अन्य दावेदारों में खलबली मची हुई है। जिला पंचायत चुनाव का समय जैसे–जैसे नजदीक आ रहा है वैसे–वैसे दावेदार अपनी जमीन मजबूत करने में लगे हुए हैं। वार्ड नं. 11 असवार तारापुर सीट से चुनाव की तैयारी में लगे दावेदार एवं समाजसेवी अमित पटेल सुबह होते ही अपने समर्थकों के साथ क्षेत्र भ्रमण पर निकल जाते हैं। समाजसेवी अमित पटेल क्षेत्र की जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को चिन्हित करने का काम कर रहे हैं। श्री पटेल जनता को भरोसा दिला रहे हैं कि जनता ने यदि उन पर विषास करके इस सीट से जिला पंचायत सदस्य पद का चुनाव जिताया तो चिन्हित बिजली, पानी, सड़क, आवास सहित अन्य समस्याओं का प्रमुखता से निस्तारण कराने का काम किया जाएगा। इस बाबत जब दावेदार अमित पटेल से बात की गई तो उन्होने बताया कि जनता के बीच भ्रमण करके समस्याओं को एकत्र किया जा रहा है। इतना ही नहीं गरीब व असहाय लोगों की मदद भी की जा रही है। उन्होने कहा कि उनका मकसद है कि चुनाव जीतकर वार्ड की प्रमुख समस्याओं का निस्तारण कराया जा सके। उन्होने यह भी बताया कि कई समस्याओं को लेकर उन्होने उच्चाधिकारियों तक मांगे गिनाई हैं। अमित पटेल के दौरे की चर्चाएं भी हो रही हैं। जिससे अन्य दावेदारों के बीच खलबली मची हुई है।



# निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मियों का प्रदर्शन

## - बिजली महंगी होने से सेवा की गुणवत्ता पर पड़ेगा असर

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के आह्वान पर गुरूवार को बिजली कर्मियों ने निजीकरण और इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 के विरोध में विरोध सभा का आयोजन किया। हाइडिल कॉलोनी में आयोजित इस सभा में बिजली कर्मचारी, जूनियर इंजीनियर शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि पावर सेक्टर का निजीकरण आम उपभोक्ताओं, किसानों, छोटे एवं मध्यम उद्योगों तथा बिजली कर्मियों के हितों के विरुद्ध है। निजीकरण से बिजली महंगी होगी और सेवा की गुणवत्ता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। संघर्ष समिति ने चेतावनी दी कि यदि उत्तर प्रदेश में निजीकरण की प्रक्रिया निरस्त नहीं की गई और इसके लिए टेंडर जारी किए गए, तो बिजली कर्मचारी सामूहिक जेल भरो आंदोलन प्रारम्भ करेंगे। साथ ही संसद में इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल पारित करने की कोशिश पर देशभर में लाइटनिंग एक्शन की चेतावनी दी गई। सभा में आउटसोर्सिंग पर रोक, नियमित पदों पर सीधी भर्ती, आउटसोर्स कर्मियों का नियमितीकरण तथा पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। विरोध सभा में पंकज कुशवाहा, कमलेश कुमार, रतन मिश्र, अतुल सिंह, रामेंद्र सिंह, सुनील यादव, धीरेंद्र पटेल, कीर्ति, सुरेश मौर्य सहित बड़ी संख्या में बिजली कर्मियों ने भाग लिया। सभी वक्ताओं ने सार्वजनिक बिजली व्यवस्था की रक्षा के लिए एकजुट होकर निर्णायक संघर्ष का संकल्प लिया।







**प्रयागराज-हज़रत निज़ामुद्दीन होली विशेष रेलगाड़ी का संचालन**

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित होली विशेष रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन) के संचालन का निर्णय लिया गया है। जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

गाड़ी सं. 04123/04124 प्रयागराज-मानिकपुर-हज़रत निज़ामुद्दीन विशेष रेलगाड़ी

| गाड़ी संख्या - 04123 | | | गाड़ी संख्या - 04124 | |
|---|---|---|---|---|
| प्रयागराज - हज़रत निज़ामुद्दीन | | | हज़रत निज़ामुद्दीन - प्रयागराज | |
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| ..... | 14:50 | प्रयागराज | 09:10 | ..... |
| 15:25 | 15:27 | शंकरगढ़ | 07:35 | 07:37 |
| 16:03 | 16:05 | डभौरा | 07:05 | 07:07 |
| 16:45 | 16:50 | मानिकपुर | 06:30 | 06:35 |
| 17:16 | 17:18 | चित्रकूट धाम कर्वी | 04:38 | 04:40 |
| 17:44 | 17:46 | अतर्रा | 04:10 | 04:12 |
| 18:35 | 18:40 | बाँदा | 03:40 | 03:45 |
| 19:23 | 19:25 | महोबा | 02:40 | 02:42 |
| 19:42 | 19:44 | कुलपहाड़ | 02:00 | 02:02 |
| 20:10 | 20:12 | हरपालपुर | 01:35 | 01:37 |
| 21:03 | 21:05 | मऊरानीपुर | 01:15 | 01:17 |
| 22:35 | 22:40 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी | 00:05 | 00:10 |
| 01:05 | 01:10 | ग्वालियर | 22:15 | 22:20 |
| 04:20 | 04:22 | धौलपुर | 20:23 | 20:25 |
| 06:20 | 06:25 | आगरा कैंट | 19:05 | 19:10 |
| 07:50 | 07:55 | मथुरा | 18:05 | 18:10 |
| 08:50 | 08:52 | कोसी कलाँ | 17:18 | 17:20 |
| 11:35 | ..... | हज़रत निज़ामुद्दीन | ..... | 15:45 |

• **प्रयागराज से** गाड़ी संख्या 04123, प्रत्येक बुधवार एवं रविवार, **दिनांक :** 18.02.2026 से 08.03.2026 • **हज़रत निज़ामुद्दीन से** गाड़ी संख्या 04124, प्रत्येक गुरूवार एवं सोमवार, **दिनांक :** 19.02.2026 से 09.03.2026

**गाड़ी संरचना :** स्लीपर श्रेणी : 08, सामान्य श्रेणी : 09, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी : 01, वातानुकूलित प्रथम सह द्वितीय श्रेणी : 01

नोटः ट्रेन की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाईन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट www.railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR 323/26(AS)



**न्यूज़ वाणी**
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
राज्य सरकार व केंद सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु सूचीबद्ध

समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें
सूचना, मार्कशीट, सम्बन्ध विच्छेदन, खोया पाया, कोर्ट नोटिस, टेन्डर आदि

09451548620, 9451180488



# जूनियर छात्र ने 10 व 12 के छात्र को दी विदाई

न्यूज वाणी ब्यूरो



खागा, फतेहपुर। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में गुरुवार को कक्षा बारह के भैया बहनों का फेयरवेल कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के सह प्रबंधक अतुल अग्रवाल एवं प्रधानाचार्य गजेंद्र सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीपक जलाकर व पुष्प अर्पित कर की। कार्यक्रम में भैया बहनों ने अपने समकक्ष एवं छोटे भैया बहनों को संबोधित किया। कक्षा एकादश के अनेक भैया बहनों ने भी अपने सीनियर भैया बहनों को शुभकामना संदेश प्रेषित किया। विद्यालय के सह प्रबंधक अतुल अग्रवाल द्वारा भैया बहनों को शपथ दिलाई गई कि वह जीवन में कभी भी नकल पर आश्रित नहीं होंगे, नकल करेंगे न करने देंगे। उन्होंने आगे आगे कहा कि हमारा विद्यालय नकल विहीन शिक्षा के लिए जाना जाता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य गजेंद्र सिंह ने भी भैया बहनों को अनेक हिदायतें देते हुए समझाया की परीक्षा के दौरान अपने स्वास्थ्य और सुरक्षा का बेहतर ध्यान रखें और यदि हो सके तो अपना वाहन स्वयं न चला करके अपने अभिभावकों के साथ परीक्षा केंद्र तक पहुंचे। कार्यक्रम का छायांकन कामता प्रसाद एवं संचालन मनीष के निर्देशन में बहन अनिका तिवारी द्वारा संपन्न हुआ।

# कृषकों से अपील, बहकावे में न आएं

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। उप कृषि निदेशक ने बताया कि पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत वर्ष–2025–26 के अन्तर्गत .षको द्वारा बुक किये गये सोलर पम्प को 17 दिसंबर 2025 को .षि निदेशालय द्वारा कन्फर्म कर दिया गया है। जिसका मैसेज पूर्व की भांति सम्बन्धित .षक के पंजी.त मोबाइल नम्बर पर ऑनलाइन प्रेषित कर दिये गये थे। जिसके अनुसार टोकन जनरेट कर .षक अंश जमा करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 थी। जनपद के कतिपय .षकों द्वारा अवगत कराया गया कि ऐसे .षक जिनके द्वारा सोलर पम्प की बुकिंग हेतु आनलाइन आवेदन किया गया है, को मोबाइल नं0 9756961674 तथा इसके अतिरिक्त अन्य मोबाइल नम्बरों के माध्यम से फोन किया जा रहा है कि सोलर पम्प का पैसा किस्तों में जमा किया जा सकता है। अधिक छूट देने की बात कही जा रही है। जो कि गलत एवं भ्रामक है। .षकों से धोखाधडी के उद्देश्य से ऐसे कॉल कर .षकों से ठगी के उद्देश्य से कॉल की जा रही है। जनपद के समस्त .षकों से अपील किया कि इस प्रकार किसी के बहकावे में न आये। अवशेष .षक अंश जमा करने की तिथि .षि निदेशालय लखनऊ द्वारा पुनः बढाये जाने पर अवगत कराया जायेगा। विभागीय किसी जानकारी हेतु विकास खण्ड स्तर पर राजकीय .षि बीज भण्डार अथवा उप .षि निदेशक कार्यालय लखनऊ बाईपास चौराहे के पास स्थित .षि भवन में सम्पर्क कर योजना की जानकारी प्राप्त करें।

# आचार्यकुलम ने बटुकों का कराया उपनयन संस्कार

## – संस्थान ने बटुकों को वर्ण सामग्री कराई उपलब्ध

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। आचार्यकुलम की ओर से सामूहिक उपनयन संस्कार संपन्न हुआ। कार्यक्रम आचार्य विनोद शुक्ला की अध्यक्षता में सभी आचार्यों ने वैदिक मित्रों द्वारा संपन्न कराया। विशेष अतिथि के रूप



में समाजसेवी अशोक तपस्वी उपस्थित रहे। कार्यक्रम प्रातःकाल आठ बजे से शुरू हुआ। क्षोरकर्म के बाद आचार्य द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ सभी बटुकों का उपनयन संस्कार संपन्न कराया। बटुकों को संस्थान की तरफ से वर्ण सामग्री उपलब्ध कराई। सभी माता ने बटुकों कों भिक्षा प्रदान की। काशी गमन में पूर्व अध्यक्ष भाजपा मनोज शुक्ला, डॉक्टर शिवप्रसाद त्रिपाठी, प्रदीप गर्ग, पंकज त्रिवेदी, बच्चा तिवारी, विभूति नारायण दीक्षित, परशुराम अभिनेता अनिल अग्निहोत्री, सुनील अग्निहोत्री, अंकित शुक्ला, चंद्रधर मिश्रा एडवोकेट, गोरेलाल आदि उपस्थित रहे। आचार्य सत्यानंद, आचार्य जुगल किशोर, आचार्य अशोक बाजपेई, रमन द्विवेदी, संतोष तिवारी, राज किशोर द्विवेदी, संतोष सिंह, चंद्रिका शुक्ला, राजेंद्र त्रिपाठी आदि ने मंत्र दीक्षा देकर कार्यक्रम संपन्न कराया। मातृशक्ति का प्रतिनिधित्व करती हुई मंजू शुक्ला, गायत्री सिंह, अंजू त्रिपाठी, सुनीता अवस्थी आदि ने किया। आचार्य प्रदीप तिवारी ने कार्यक्रम में पधारे समस्त बटुक माता बहनों का आभार व्यक्त किया।

# सिविल कोर्ट कैंपस में मनाई स्वामी दयानंद की जयंती

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सामाजिक चेतना मंच के तत्वाधान में गुरूवार को सिविल कोर्ट कैंपस में प्रांत संयोजक आरपी मौर्या के नेतृत्व में स्वामी दयानंद सरस्वती का जन्मदिवस समारोह मनी प्रकाश दुबे की अध्यक्षता में प्रारंभ हुआ। मंच के जिलाध्यक्ष धीरेंद्र बहादुर पासवान एडवोकेट सहित



कर्मचारी राजा रणजीत सिंह पटेल एडवोकेट, अरुण कुमार रावत एडवोकेट, संदीप वर्मा एडवोकेट, संदीप कुमार पासवान एडवोकेट, ललित निषाद एडवोकेट, शोभित दुबे एडवोकेट, राजेश कुमार एडवोकेट, ब्रह्मदत्त मौर्य एडवोकेट, परमार एडवोकेट, श्री .ष्णा गुप्त एडवोकेट, ब्रह्मदत्त मौर्य एडवोकेट, ओमप्रकाश पाल एडवोकेट, रामनाथ मौर्य एडवोकेट, मोहनलाल पासवान एडवोकेट, मुंशी राजकुमार मौर्य, एसके प्रजापति एडवोकेट आदि ने आर्य समाज संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती जी के जीवन पर प्रकाश डाला और उनके द्वारा किए गए समाज सुधार कार्यों को सराहा। समाज में व्याप्त हिंदू मुस्लिम छुआछूत आदि के आडंबर पर भी गहन चर्चा की और उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि की गई। बाद में लोगों को जलपान व चाय पिलाकर धन्यवाद दिया गया।

# लोक निर्माण विभाग के कर्मियों ने मांगों को लेकर दिया धरना

## - सीएम से मानव संपदा पोर्टल पर संपत्ति दर्ज करने के लिए मांगा एक माह का समय

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। लोक निर्माण विभाग परिसर में उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष चंद्र बहादुर व जिला सचिव शैलेश सिंह के नेतृत्व में धरना दिया गया। इस दौरान इन लोगों ने आठ सूत्रीय मांगों को प्रमुखता से उठाया और धरने के बाद जुलूस के माध्यम से कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में कहा गया कि 31 जनवरी 2026 तीन मानव संपदा पोर्टल पर चल अचल संपत्ति का विवरण दर्ज न करने वाले कार्मिकों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इन लोगों ने कहा कि वास्तविकता यह है कि राज्य में कार्यरत शिक्षकों और लिपकों



को राज्य में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य किया जा रहा है एवं राज्य में शिक्षकों की ड्यूटी परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम एवं यूपी बोर्ड परीक्षा का परिणाम समयबद्ध प्रस्तुत किए जाने के कारण एवं मानव संपदा पोर्टल की वेबसाइट सुचारू रूप से न चलने के कारण राज्य के कार्मिकों के महत्वपूर्ण समयबद्ध कार्यों को पूर्ण किए जाने के कारण उपरोक्त विषयक विवरण समय से अपलोड नहीं किया जा सका है। उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ की मांग है कि उपरोक्त परिस्थितियों के .ष्टिगत राज्य के कार्मिकों को कम से कम एक माह का अवसर प्रदान किया जाए ताकि मानव संपदा पोर्टल पर कार्मिक अपनी संपत्ति का विवरण दर्ज कर सकें। इस अवसर पर ज्ञापन देने वालों में प्रांतीय उपाध्यक्ष अंकुर बाजपेई, क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नीरज कुमार, क्षेत्रीय वित्त सचिव विनय सिंह सेंगर राशिद, नासिर, बैजनाथ, आशीष कुमार त्रिवेदी, अतुल, रविंद्र सिंह, सृष्टि तोमर, रामानुज सिंह, सुधाकर सिंह, आलोक श्रीवास्तव सहित तमाम कर्मचारी मौजूद रहे।

# भारत-अमेरिका ट्रेड डील का भाकियू ने किया विरोध

## - राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन, ट्रेड डील को रद्द किए जाने की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भारतीय किसान यूनियन की बैठक नहर कालोनी



परिसर में आयोजित हुई। जिसमें भारत –अमेरिका ट्रेड डील का जहां विरोध किया गया वहीं किसानों की समस्याएं भी उठाई गई। तत्पष्चात जिलाधिकारी के माध्यम से राश्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर ट्रेड डील को रद्द किए जाने की मांग की। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नवल सिंह पटेल ने की। बैठक में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि भारत–अमेरिका ट्रेड डील से यहां के किसानों को नुकसान होगा। इसलिए इसे तत्काल रद्द किया जाना चाहिए। बैठक के पष्चात सभी पदाधिकारी व किसान कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी के माध्यम से राश्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर कहा गया कि बीज विधेयक निजी बीज उद्योगों के हितों को पूरा करता है। किसानों के आजीविका के अधिकारों वैध चिंताओं को ध्यान में नहीं रखा गया है इसे वापस किया जाए। बीज की किस्मों का अनिवार्य पंजीयन छोटे किसानों द्वारा बीजों का संरक्षण करना जटिल बना देगा। बड़ी बीज कम्पनियों को बीज नियंत्रण की छूट देता है। इसे समाप्त कराया जाए। भारत–अमेरिका ट्रेड डील से भारत को पीछे हट जाना चाहिए या इस समझौते से कृशि के प्रावधानों को हटा दिया जाए। विद्युत विधेयक 2025 के मसौदे का विरोध जताया क्योंकि इसका उद्देष्य बिजली क्षेत्र का निजीकरण व व्यवसायों का करना इसको वापस लिया जाए एवं उत्तर प्रदेष में धान का निर्धारित लक्ष्य समाप्त हो गया है। काफी संख्या में किसानों का धान सरकारी क्रय केन्द्रों पर पड़ा है। केन्द्र सरकार से उत्तर प्रदेष के धान खरीद का लक्ष्य बढ़वाया जाए। इस मौके पर राश्ट्रीय संगठन मंत्री रामेन्द्र सिंह, प्रदेष उपाध्यक्ष अषोक उत्तम, प्रदेष सचिव राम सहाय पटेल, प्रयागराज मण्डल महासचिव देवनारायण पटेल, जितेन्द्र सिंह पटेल, मुन्ना षेख, दिनेष षुक्ला, धनंजय सिंह, नागेन्द्र यादव, विवेक सिंह यादव, गिरजाषंकर मिश्र, विपिन द्विवेदी, कप्तान सिंह यादव, अजीत उत्तम, धीरेन्द्र सिंह, कुलदीप सिंह, परषुराम शुक्ला भी मौजूद रहे।

# भाकपा ने समस्याओं को लेकर दिया ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। गुरुवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला काउंसिल व पार्टी के जन संगठन उत्तर प्रदेश किसान सभा उत्तर प्रदेश खेत मजदूर यूनियन व भवन निर्माण कर्मकार यूनियन के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने देश के मजदूर व किसान संगठनों द्वारा आयोजित हड़ताल के समर्थन में खागा तहसील में प्रदर्शन करके 18 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन राष्ट्रपति को भेजा गया। ज्ञापन के माध्यम से मजदूरों की हड़ताल की समस्याओं को लेकर मांग की गई नए श्रम कानून वापस लिए जाएं पुराने कानून बहाल किए जाएं मजदूर व कर्मचारियों की भर्ती में आउटसोर्सिंग व ठेका व्यवस्था को समाप्त किया जाए बेरोजगारी की समस्या को देखते हुए देश के तमाम विभागों में खाली पड़े लाखों पड़ा पर तत्काल भारती की जाए मनरेगा मजदूर मजदूरों को साल में 200 दिन काम और 700 दैनिक मजदूरी दी जाए नए मनरेगा कानून बीबी राम जी को वापस लिया जाए, मनरेगा को पुराने स्वरूप में बहाल किया जाए, 55 साल की उम्र में किसान और मजदूर परिवारों को 10000 मासिक पेंशन दी जाए, स्कीम वर्क्स जैसे आंगनबाड़ी रसोईया, शिक्षामित्र आशा बहू में आदि को राज्य कर्मचारी का दर्जा दिया जाए, किसानों की फसलों का एसपी का कानून लागू किया जाए, किसानों को खाद बीज कीटनाशक दवाएं समय से किफायती रेट पर उपलब्ध कराई जाए, नई शिक्षा नीति 2020 को वापस लिया जाए, विद्युत नियामक बिल 2022 को वापस लिया जाए, बिजली का निजीकरण रोका जाए, किसान परिवारों को मजदूर परिवारों को 300 यूनिट बिजली फ्री दी




जाए, स्मार्ट मीटर की व्यवस्था वापस ली जाए, सामाजिक सुरक्षा की पेंशन की धनराशि बढ़ाई जाए, मजदूरों का किसानों का शोषण बंद किया जाए। ज्ञापन देने वाले में किसान सभा के राधेरमण पांडेय, खेत मजदूर यूनियन के सुमन सिंह चौहान, रामकृष्ण हेगड़े, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कामरेड राम प्रकाश, काउंसिल सदस्य रामचंद्र राज्य कार्यकारी सदस्य मोतीलाल एडवोकेट, जगदेव , पूरनलाल, कमला देवी, राम प्रताप निषाद, ज्ञानेंद्र सिंह एडवोकेट, छोटेलाल कोरी, गंगाराम, विजय कुमार, विनोद कुमार एडवोकेट, नेम सिंह एडवोकेट, समर सिंह यादव एडवोकेट सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एथलेटिक्स प्रतियोगिता में गुरुवल विद्यालय का जलवा

## - सर्वाधिक पदक जीतकर ब्लॉक विजयीपुर प्रथम

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित एक दिवसीय जिला बाल क्रीड़ा



एथलेटिक्स प्रतियोगिता में ब्लॉक विजयीपुर के गुरुवल प्राथमिक एवं उच्च विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक पदक जीतकर ब्लॉक को प्रथम स्थान दिलाया। इस ऐतिहासिक सफलता से पूरे क्षेत्र में हर्ष की लहर दौड़ गई। विद्यालय के खेल प्रशिक्षक हरिशंकर सिंह एवं सहयोगी सहायक अध्यापक लाल महेंद्र प्रताप सिंह के अथक परिश्रम, अनुशासित प्रशिक्षण और निरंतर मार्गदर्शन का परिणाम रहा कि बच्चों ने उत्.ष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्राथमिक वर्ग की अनीता देवी ने चैंपियन बनकर स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं जूनियर बालक वर्ग में अर्जुन ने चैंपियन बनकर विद्यालय और ब्लॉक का नाम रोशन किया। विशेष उल्लेखनीय है कि लगातार पांचवीं बार गुरुवल विद्यालय के विद्यार्थियों ने गोल्ड मेडल जीतकर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है, जो विद्यालय की मजबूत खेल परंपरा और गुणवत्ता पूर्ण प्रशिक्षण का प्रमाण है। इस उपलब्धि का पूरा श्रेय विद्यालय के मुखिया हरिशंकर सिंह एवं समस्त स्टाफ को जाता है। खंड शिक्षा अधिकारी रजनीश श्रीवास्तव तथा व्यायाम शिक्षक मनीष कुमार ने विद्यालय की इस उपलब्धि की भूरि–भूरि प्रशंसा करते हुए इसे जनपद के लिए गौरवपूर्ण बताया। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह व खागा तहसील प्रभारी दिनेश सिंह ने विद्यालय की लगातार सफलता की भूरि भूरी प्रशंसा की जिसकी चर्चा पूरे शिक्षा जगत में जोर–शोर से हो रही है।

# मांगों को लेकर एआईएमआईएम ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

## - प्रदेश अध्यक्ष को सुरक्षा प्रदान किए जाने की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। दो सूत्रीय मांगों को लेकर आल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुसलेमीन के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्षन किया तत्पष्चात एसडीएम के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर पार्टी के प्रदेष अध्यक्ष को सुरक्षा प्रदान किए जाने की मांग की। गुरूवार को एआईएमआईएम के जिलाध्यक्ष मुहीउद्दीन एडवोकेट की अगुवई में पदाधिकारी व कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रदर्षन किया तत्पष्चात राज्यपाल को भेजे गए ज्ञापन में बताया कि पार्टी के प्रदेष अध्यक्ष हाजी षौकत अली को कई लोगों द्वारा बराबर जान–माल की धमकियां दी जा रही है। इससे वह बेहद परेषान हैं। इसके अलावा हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मवई स्थित मस्जिद में नमाज पढ़ने को लेकर कुछ अराजकतत्वों द्वारा व्यवधान उत्पन्न किया जा रहा है। पदाधिकारियों ने राज्यपाल से मांग किया कि प्रदेष अध्यक्ष षौकत अली को अविलम्ब सुरक्षा प्रदान की जाए, मवई मस्जिद में नमाज पढ़ने में अराजकतत्वों द्वारा उत्पन्न किए जा रहे व्यवधान को रोका जाए। इस मौके पर सनगांव वार्ड के जिला पंचायत सदस्य पद के प्रत्याषी हाफिज राजू, आजाद, अता उल्ला, रियाजुल हुसैन, जैनुल आब्दीन, अरबाज अहमद, मो0 हफीज, षब्बीर, मो0 अनवर, एहतेषाम रजा, मो0 निजाम उद्दीन, रेहाना, मो0 अनवार, मो0 आजम, मो0 चांद, मो0 हसीब, अरबाज खान, माषूक खान, जाफर सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार वृद्ध की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जाफरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम इटरा मोड़ के समीप चार पहिया वाहन की चपेट में आ जाने से 60 वर्षीय बाइक सवार वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार थाने के पूरेदान गांव निवासी स्व0 रंजीत सिंह का पुत्र राजीव सिंह रोज भांति बाइक से खेत जा रहे थे। जैसे ही वह इटरा मोड़ के पास पहुंचे तभी तेज रतार चार पहिया ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे वृद्ध की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत, दो घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के हाइवे पर गोविंदपुर मोड़ के पास एक ही बाइक में तीन लोग बैठकर कचेहरी जाते समय ट्रक की चपेट में आने से चालक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के अनुसार बकेवर थाना क्षेत्र के गांव हिम्मतपुर निवासी विनोद का पुत्र अजय 26 वर्श साथ में भाई बब्लू 22 वर्श व जनार्दन 50 वर्श बाइक से फतेहपुर कचेहरी जा रहे थे। तभी गोविंदपुर मोड़ के पास आगे चल रहे ट्रक के चालक ने अचानक तेज ब्रेक लगा दी। जिससे ट्रक के पीछे बाइक तेजी से टकरा गई। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सरकारी एंबुलेंस के समय से न पहुंचने पर पास के ढाबा संचालक ने अपनी निजी वाहन से तीनों घायलों को पीएचसी गोपालगंज में भर्ती कराया। जहां पर डाक्टरों ने अजय पुत्र विनोद को मृत घोषित कर दिया। यथा गंभीर रूप से घायल जनार्दन को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक चार भाइयों अजय, शोभित, बब्लू, नितेश में सबसे बड़ा था। मुंबई में नमकीन का कारोबार करता था, अविवाहित था। बेटे की मौत की सूचना मां राजकुमारी बेसुध हो गई। पुलिस को हादसे की जगह पर हेलमेट नहीं मिला है। थानाध्यक्ष सुमित देव पांडेय ने बताया कि हादसे वाले ट्रक का पता लगाया जा रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# डम्पर की टक्कर से बाइक सवार की मौत, दूसरा घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। खखरेरू थाना क्षेत्र के ग्राम रक्षपालपुर व भदौंहा के बीच तेज रतार डम्पर की चपेट में आ जाने से एक बाइक सवार की मौके पर मौत हो गयी। वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका इलाज प्रयागराज में चल रहा है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के सौदपुर मचमई गांव निवासी स्व0 रामआसरे का 21 वर्षीय पुत्र सौरभ कुमार अपने साथी अतूल के साथ शादी समारोह में फोटोग्राफी करके वापस आ रहे थे। जैसे ही यह लोग रक्षपालपुर व भदौहा गांव के बीच पहुंचे तभी तेज रतार डम्पर ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे सौरभ कुमार की घटनास्थल पर मौत हो गयी। वहीं अतुल गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए हरदो सीएचसी लाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने प्रयासराज के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

# फांसी लगा युवक ने दी जान

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र के ललौली रोड़ पुलिस के समीप संदिग्ध अवस्था में 37 वर्षीय युवक ने घर के अन्दर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार राधानगर ललौली रोड़ पुलिस के समीप रहने वाले रमेश का पुत्र सोनू घर के अन्दर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्ट मार्टम हाउस में मृतक के परिजनों के अनुसार घरेलू कलह के चलते घटना को अंजाम दिया है।

# चार पहिया की टक्कर से मजदूर की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के चितौरा मोड़ के समीप पानी लेने जा रहे 25 वर्षीय युवक को चार पहिया वाहन ने मार दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार हुसैनगंज थाना क्षेत्र के मानसिंह का पुरवा मजरे हैबतपुर गांव निवासी लालाराम का पुत्र जितेन्द्र मलवां थाना क्षेत्र के अर्न्तगत किसी काम से गया था। बताते हैं कि वह पानी लेने जा रहा था तभी तेज रतार चार पहिया ने उसे टक्कर मार दिया और काफी दूर तक घसीटता ले गया। जिससे युवक की मौके में पर ही मौत हो गयी। सूचना पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक का चाचा काली चरन ने बताया कि सड़क का निर्माण हुआ है। जिसमें उसका भतीजा मजदूरी करता था।

# माल्टा देश से आये उर्फ़ी रज़ा ज़ैदी ने सपा सांसद से दिल्ली में मुलाकात की

न्यूज वाणी ब्यूरो



जहानाबाद संवाददाता। सपा सांसद , फतेहपुर नरेश उत्तम पटेल से दिल्ली स्थित उनके आवास पर मुलाकात के दौरान हकीम सैय्यद नुसरत हुसैन शहीद स्थल के निर्माण व कार्यक्रम के आयोजन के सम्बन्ध में माल्टा (यूरोप) से हिन्दुस्तान आये उर्फ़ी रज़ा ज़ैदी ने एक मुलाक़ात की। इस मुलाक़ात के दौरान कोडा जहानाबाद में शहीद स्थल निर्माण व आयोजन के लिये विभिन्न पहलुओं पर बातचीत करते हुए माल्टा से लाई मिट्टी को शहीद माल्टा इंटर कॉलेज में यादगार स्थल बनाने की बात सुनकर सांसद ने कहा कि यह कार्य देश की एकता और अखंडता के लिए एक महत्वपूर्ण है हालांकि उर्फ़ी रज़ा ज़ैदी खुद एक स्वतंत्रता सेनानी परिवार के वंशज होने के साथ साथ अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी परिषद के सदस्य भी हैं और अपने परिवार से जुड़ी हुई 1857ई0 की स्वतंत्रता संग्राम की धरोहरों को जिनमें मोहन मन्दिर प्रमुख है के संरक्षण के लिए लगातार प्रयासरत हैं। इस मुलाक़ात के दौरान सैय्यद आबिद हसन,मुज़फ्फरनगर से सपा अध्यक्ष ज़िया चौधरी व अखिल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिषद के सदस्य सहित आदि लोग शामिल रहे।

# सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

## – 108 एंबुलेंस ने घायल को कराया भर्ती

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र के ओवर ब्रिज के समीप अचानक सामने आए साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में बाइक सवार नियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें बाइक सवार घायल हो गया। घायलों को इलाज के लिए 108 सरकारी एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली राधानगर थाना क्षेत्र के मवई गाँव निवासी अमरनाथ का 28 वर्षीय पुत्र अंकित शहर आ रहा था। जब बाइक कोतवाली थाना क्षेत्र के राधानगर समीप पहुंचा तभी अचानक साइकिल सवार के सामने आ गया। उसको बचाने के प्रयास बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना की सूचना सरकारी 108 एंबुलेंस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे 108 एंबुलेंस कर्मचारी ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल में पहुंचाया। जहा डॉक्टरों द्वारा उनका उपचार किया जा रहा है।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )